# वैश्विक न्यूनतम कर सौदा

## प्रलिम्सि के लिये:

वैश्विक न्यूनतम कर सौदा

## मेन्स के लिये:

वैश्विक स्तर पर कर संबंधित अनियमितता के कारण और समाधान हेतु किये गए प्रयास

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में [आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD)]() ने घोषणा की है कि बड़ी कंपनियों को 15% की वैश्विक न्यूनतम कर (GMT) दर का भुगतान सुनिश्चित करने के लिये 136 देशों (भारत सहित) द्वारा सहमति व्यक्त की गई है।

- समझौता करने वाले देश वैश्विक अर्थव्यवस्था का 90% से अधिक हिस्से का प्रतिनिधित्व करते हैं।

//



## प्रमुख बिंदु

- **GMT के बारे में:**
  - **उद्देश्य:** GMT को दुनिया के कुछ सबसे बड़े निगमों द्वारा कर की कम प्रभावी दरों को संबोधित करने के लिये तैयार किया गया है, जिसमें एप्पल, अल्फाबेट और फेसबुक जैसी बड़ी टेक कंपनियाँ शामिल हैं।

        - ये कंपनियाँ आमतौर पर प्रमुख बाज़ारों से **कम कर वाले देशों या टैक्स हैवन** **जैसे-** आयरलैंड, ब्रिटिशि वर्जनि आइलैंड्स, बहामास या पनामा आदमिें मुनाफे को बढ़ाने के लयि सहायक कंपनयिों की स्थापना करती हैं।
        - GMT का उद्देश्य बहुराष्ट्रीय उद्यमों (MNE) के लयि लाभ स्थानांतरण में शामलि होने के अवसरों पर रोक लगाना है, साथ ही यह सुनश्चिति करना है कजिहाँ वे व्यापार करते हैं वहाँ अपने कुछ करों का भुगतान करें।
    - **प्रस्तावति दो स्तंभ समाधान:** वैश्वकि न्यूनतम कर की दर वैश्वकि स्तर पर बक्रिी में 868 मलियिन डॉलर के साथ बहुराष्ट्रीय कंपनयिों के वदिशी मुनाफे पर लागू होगी।
        - **स्तंभ 1 (न्यूनतम कर और कर नयिमों के अधीन):** सरकारें अभी जो भी स्थानीय कॉर्पोरेट कर की दर चाहती हैं, नर्धिारति कर सकती हैं, लेकनि अगर कंपनयिाँ कसिी वशिष देश में कम दरों का भुगतान करती हैं, तो उनकी गृह सरकारें अपने करों को न्यूनतम 15% तक आरोपति कर सकती हैं। इसका उद्देश्य मुनाफे को स्थानांतरति करने से प्राप्त होने वाले लाभ को समाप्त करना है।
        - **स्तंभ 2 (बाज़ार के अधकिार क्षेत्र में लाभ के अतरिक्ति हस्सि का पुन: आवंटन):** यह उन देशों को, जहाँ लाभ अर्जति कयिा गया है बहुराष्ट्रीय कंपनयिों की अतरिक्ति आय (राजस्व के 10% से अधकि लाभ) पर 25% कर लगाने की अनुमतदिेता है।
    - **समयसीमा:** यह समझौता हस्ताक्षर करने वाले देशों को वर्ष 2022 तक इस पर कानून बनाने का आह्वान करता है ताकयिह समझौता 2023 से प्रभावी हो सके।
        - हाल के वर्षों में जनि देशों ने राष्ट्रीय डजिटिल सेवा कर (उदाहरण के लयि भारत सरकार द्वारा लगाई जाने वाली **इक्वलाइजेशन लेवी**) लगाया है, उन्हें नरिस्त करना होगा।
    - **प्रभाव:** न्यूनतम कर और अन्य प्रावधानों का उद्देश्य वदिशी नविश को आकर्षति करने के लयि सरकारों के बीच दशकों से चल रही कर प्रतस्पिर्द्धा को समाप्त करना है।
        - अर्थशास्त्रयिों को उम्मीद है कयिह सौदा बहुराष्ट्रीय कंपनयिों को अपने देश स्थति मुख्यालय में पूंजी प्रत्यावर्तति करने के लयि प्रोत्साहति करेगा, जसिसे उन अर्थव्यवस्थाओं को बढ़ावा मलिगा।
- **GMT की आवश्यकता:**
    - **टैक्स हैवन के लयि वत्तिीय डायवर्ज़न को रोकना:** ड्रग पेटेंट, सॉफ्टवेयर और बौद्धकि संपदा पर रॉयल्टी जैसे अमूर्त स्रोतों से आय तेज़ी से टैक्स हैवन में चली गई है, जसिसे कंपनयिों कोअपने देशों में उच्च करों का भुगतान करने से बचने की अनुमतमिलिी है।
    - **वत्तिीय संसाधन जुटाना:** कोवडि-19 संकट के बाद बजट में तनाव के साथ कई सरकारें चाहती हैं कबिहुराष्ट्रीय कंपनयिों के मुनाफे को कर राजस्व कम कर अपने देशों में स्थानांतरण को हतोत्साहति कयिा जाए।
        - OECD ने अनुमान लगाया है कनि्यूनतम कर के माध्यम से सालाना अतरिक्ति वैश्वकि कर राजस्व में $150 बलियिन का लाभ होगा।
    - **वैश्वकि कर सुधार:** **बेस इरोशन एंड प्रॉफटि शफ्टिंग (BEPS)** कार्यक्रम की स्थापना के बाद से GMT का प्रस्ताव वैश्वकि कराधान सुधारों की दशि में एक और सकारात्मक कदम है।
        - BEPS कर से बचने की रणनीतयिों को संदर्भति करता है जो कर नयिमों में अंतराल और बेमेल का फायदा उठाते हैं ताकमिुनाफे को कम या बनिा कर वाले स्थानों पर कृत्रमि रूप से स्थानांतरति कयिा जा सके। OECD ने इससे नपिटने के लयि 15 कार्य मदें जारी की हैं।
- **संबद्ध चुनौतयिाँ:**
    - **आसन्न संप्रभुता:** यह एक राष्ट्र की कर नीतति यि करने के संप्रभु अधकिार को प्रभावति करता है।
        - एक वैश्वकि न्यूनतम दर अनविार्य रूप से एक ऐसे उपकरण से दूर ले जाएगी जसिका उपयोग देश उन नीतयिों को आगे बढ़ाने के लयि करते हैं जो उनके अनुरूप हैं।
    - **टाइट टाइमलाइन:** समझौता करने वाले देशों में वर्ष 2022 में ही नया कानून बनाने का आह्वान कयिा गया है जसिसे इस समझौते को वर्ष 2023 से प्रभावी कयिा जा सके, इतने सीमति समय में ही समझौता लागू करना एक कठनि काम है।
    - **प्रभावशीलता का प्रश्न:**
        - ऑक्सफैम जैसे समूहों ने इस समझौते की आलोचना करते हुए कहा है कइिससे टैक्स हैवन का अंत नहीं हो सकेगा।

## आर्थकि सहयोग और वकिास संगठन

- OECD एक अंतर-सरकारी आर्थकि संगठन है, जसिकी स्थापना आर्थकि प्रगतऔिर वशि्व व्यापार को प्रोत्साहति करने के लयि की गई है।
- **स्थापना:** 1961
- **मुख्यालय:** पेरसि, फ्राँस
- **कुल सदस्य:** 36
- भारत इसका सदस्य नहीं है, बल्कएिक प्रमुख आर्थकि भागीदार है।

## स्रोत: इंडयिन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/global-minimum-tax-deal